बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग
संकल्प

959 (अ) 25/1/19

विषय:- स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग से संबंधित परियोजनाओं के क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं रख–रखाव संबंधित कार्य विभाग के अधीन गठित निगमों द्वारा ही किये जाने के संबंध में।

राज्य सरकार के अधीन विभिन्न विभागों के भवनों (आवासीय/गैर आवासीय) के निर्माण संबंधी महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं के कार्यान्वियन सहित अनुरक्षण का कार्य भवन निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। राज्य योजना आकार में हुई गुणात्मक वृद्धि के अनुरूप विभाग के कार्य दायित्वों में भी उतरोत्तर बढ़ोतरी हुई है। विदित हो कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के साथ–साथ अन्य विभागों से संबंधित भवन निर्माण संबंधी पूर्व से निर्मित भवन एवं नवनिर्मित भवनों का रख–रखाव भवन निर्माण विभाग के द्वारा किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के अधीन परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु उक्त विभागों में निगमों का गठन किया गया है। ऐसी स्थिति में उक्त विभागों से संबंधित सभी परियोजनाओं का अनुश्रवण एवं रख–रखाव भी संबंधित विभागों द्वारा सृजित निगमों के माध्यम से कराया जाना अपेक्षित है।

2. तद्आलोक में भवन निर्माण विभाग के बढ़े हुए कार्य दायित्वों के परिप्रेक्ष्य में राज्य मंत्रिपरिषद् की दिनांक--15.01.2019 को आहूत बैठक में मद संख्या--1 के रूप में लिये गए निर्णय के आलोक में स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं रख--रखाव संबंधी समस्त कार्य संबंधित विभागों के अधीन गठित निगमों के द्वारा ही किया जाएगा।

आदेश:– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाए तथा इसकी प्रतियाँ सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी को भेजी जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(चन्द्रशेखर प्रसाद सिंह)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–भवन/स्था0–02–विविध–31/2018 959 (अ) पटना/दिनांक:– 25/1/19

प्रतिलिपि :– प्रभारी पदाधिकारी, गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को दो हार्ड कॉपी एवं सी0डी0 के साथ बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–भवन/स्था0–02–विविध–31/2018 959 (अ) पटना/दिनांक:– 25/1/19

प्रतिलिपि :– विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।

बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
05 FEB 2019
शिक्षा भवन, सैदपुर, पटना-4

बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
प्राप्ति संख्या 1058
दिनांक 08.02.19
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

MD, BSEIDC
3061 8/2/19
2125

ज्ञापांक--भवन / स्था0--02--विविध--31 / 2018 759 (व) पटना / दिनांक:-- 25/1/19

प्रतिलिपि:-- मुख्य सचिव, बिहार के आप्त सचिव / सभी विभाग / सभी विभागाध्यक्ष / प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग / प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी जिलाधिकारी / माननीय मंत्री, भवन निर्माण विभाग के आप्त सचिव / प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग के आप्त सचिव / अभियंता प्रमुख--सह--अपर आयुक्त--सह--विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना / सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग / मुख्यालय स्थित सभी पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग एवं आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।